राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

नव संवत्सर और नवरात्र पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार से आरम्भ हो रहे संवत्सर 2081 और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सभी के मंगल की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी लोगों का कल्याण करें। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

——